# भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
# National Highways Authority of India
(Ministry of Road Transport & Highways, Govt. of India)
परियोजना कार्यान्वयन इकाई, बरेली
Project Implementation Unit, Bareilly
26, ग्रीन पार्क, बीसलपुर रोड, बरेली – 243006 (उ.प्र.)
26, Green Park, Beesalpur Road, Bareilly - 243006 (U.P.)
फोन/Tel. : +91-581-2523752, ई.मेल E-mail : bareilly@nhai.org, piubareilly@gmail.com वेब : www.nhai.org


सत्यमेव जयते

19003/3/FORST-PKG-2/01/2021/पी.आई.यू/बरेली/ 16659 — 13.10.2022

सेवा में,

**प्रभागीय निदेशक**
सामाजिक वानिकी वन एवं वन्यजीव प्रभाग
मुरादाबाद।

**विषयः** जनपद मुरादाबाद में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, बरेली द्वारा मुरादाबाद–काशीपुर मार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग सं.–734) के किमी 00.000 से किमी 39.795 तक संरक्षित 63.5796 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के संबंध में (प्रस्ताव सं. FP/UP/ROAD/150633/2021)।

**संदर्भः** आपका पत्रांक 930/14–1, मुरादाबाद दिनांक 01.10.2022.

महोदय,

कृपया उपरोक्त संदर्भित पत्र का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से विषयक परियोजना में 11277 वृक्षों एवं 32859 पौधों (कुल 44136) के प्रभावित होने के कारण परियोजना के एलाइनमेन्ट को परिवर्तन करने हेतु लिखा गया है।

2. इस संबंध में आपको अवगत कराना है कि मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्ग–734 का मुरादाबाद–ठाकुरद्वारा खण्ड 41 किमी का है। यदि मौजूदा एलाइनमेन्ट में चार लेन चौड़ीकरण किया जाता है तो इसमें लगभग 150 हेक्टअर संरक्षित वन भूमि एवं कई गुणा अधिक पेड़/वृक्ष प्रभावित होते। सड़क के दोनों किनारों में मौजूदा संरक्षित वन के संरक्षण के क्रम में मौजूदा एलाइनमेन्ट का केवल 18 किमी का चार लेनीकरन किया जा रहा है। शेष खण्डों में 04 बाईपास प्रस्तावित किये जा रहे हैं, जिनकी कुल लम्बाई 20.820 किमी है। भा.रा.रा. प्राधिकरण द्वारा मौजूदा सड़क का 50% से अधिक एलाइनमेन्ट पहले ही परिवर्तित किया जा चुका है जिसके कारण केवल 63.5796 हेक्टेअर संरक्षित वन तथा 11277 वृक्षों एवं 32859 पौधे प्रभावित हो रहे हैं। मौजूदा सड़क के एलाइनमेन्ट में इससे अधिक परिवर्तन तकनीकी एवं वित्तीय दृष्टि से व्यवहारिक नहीं है।

3. आपको यह भी अवगत कराना है कि प्रस्तावित एलाइनमेन्ट के अनुसार भूमि के अधिग्रहण हेतु भारत सरकार द्वारा गजट नोटिफिकेशन किया जा चुका अतः इस स्तर पर परियोजना के संरेखन में परिवर्तन किया जाना संभव नहीं है।

4. अतः आपसे अनुरोध है कि विषयक कार्य हेतु प्रभावित हो रहे न्यूनतम संरक्षित वन (63.5796 हे0) के Diversion प्रस्ताव की सैद्धांतिक स्वीकृति (स्टेज–1) हेतु अग्रिम कार्यवाही करने का कष्ट करें।

(अमित रंजन चित्रांशी)
परियोजना निदेशक

प्रतिलिपि निम्न को सादर सूचनार्थ प्रेषित :

1. क्षेत्रीय अधिकारी-उ.प्र. पश्चिम, भा.रा.रा. प्राधिकरण, लखनऊ।
2. वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक, सा0वा0, मुरादाबाद वृत्त, मुरादाबाद।

E-Mail : dfomoradabad@gmail.com

# कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, मुरादाबाद।

(एल-25, रामगंगा विहार, फेस-प्रथम, सोनकपुर स्टेडियम, कॉठ रोड, मुरादाबाद-दूरभाष सं0-0591-2450066)

पत्रांक 930 /14-1 दिनांक, मुरादाबाद, ~~सितम्बर,~~ अक्टूबर 01, 2022.

सेवा में,

परियोजना निदेशक,
एन0एच0ए0आई0, परियोजना कार्यान्वयन इकाई,
26 ग्रीन पार्क बीसलपुर रोड,
**बरेली-2430006**

विषयः- जनपद मुरादाबाद में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण बरेली द्वारा मुरादाबाद-काशीपुर मार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग सं0-734) के कि0मी 00.0.00 से 39.750 तक **(संरक्षित वनभूमि कि0मी0 चैनेज सं0-0.00 से 38.795 तक)** तक 63. 5796 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के संबन्ध में।प्रस्ताव सं0-FP/UP/ROAD/150633/2021

उपरोक्त विषक कम में **जनपद मुरादाबाद में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण बरेली द्वारा मुरादाबाद-काशीपुर मार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग सं0-734) के कि0मी 00.0.00 से 39.750 तक (संरक्षित वनमूमि कि0मी0 चैनेज सं0-0.00 से 38.795 तक) तक 63.5796 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति हेतु प्रस्ताव इस कार्यालय का उपलब्ध कराये गये है।** तत्कम में क्षेत्रीय वनाधिकारी, मुरादाबाद एवं ठाकुरद्वारा से प्राप्त सयुंक्त निरीक्षण रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत प्रकरण में कुल 44136 बाधक वृक्षों/पौधों का पातन किया जाना प्रस्तावित है। तत्कम में अवगत कराना है कि प्रस्तावित परियोजना में अत्याधिक मात्रा में बाधक हरें वृक्षों/पौधों के पातन से पर्यावरण का ह्रास एवं जलवायु असंतुलन होने से वन क्षेत्र में प्रवास करने वाले वन्यजीवों पर भी प्रतिकूल पड़ने की सम्भावना है।

अतः उक्त तथ्यों की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए आपसे अपेक्षा है कि आप प्रस्तावित परियोजना पर अलाईमेंट परिवर्तित करने का कष्ट करें।

30/9/22

(सूरज)
प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
मुरादाबाद।

O/C

Scanned with CamScanner